अध्याय चतुर्थ

प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या

अध्याय चतुर्थ

प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या

4.1 प्रस्तावना

अध्ययन हेतु चयनित उपकरण के माध्यम से चुने गये न्यादर्श द्वारा प्रदत्तों का संकलन किया गया। तत्पश्चात् प्राप्त प्रदत्तों का विश्लेषण तथा व्याख्या इस अध्याय में की गई। स्वनिर्मित परिकल्पनाओं के स्वीकृति हेतु प्रदत्तों के समूह व उपसमूह में विभाजित कर विश्लेषण तथा अंतिम परिणाम ज्ञात किया जाता है। जो नवीन सिद्धांत की खोज अथवा सामान्यीकरण रूपसे होता हैं। प्रदत्तों विश्लेषण के अंतर्गत उनकी उपलब्धियों की तुलना उनके परीक्षण द्वारा कर शोध के उद्देश्यों का निर्णय प्राप्त निष्पत्तियों द्वारा किया जाता है।

प्रस्तुत अध्याय में उचित सांख्यिकीय विधियों का उपयोग करके प्राप्त प्रदत्तों का विश्लेषण करने का प्रयास किया जाता हैं।

इस अध्ययन मे शासकीय जवाहर नवोदय विद्यालय मे अध्यायानुसार छात्राओं के सामाजिक समायोजन तथा शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन करने के उद्देश्य से एकत्रित किये गये आंकडों का विश्लेषण किया गया है। विश्लेषण करते समय अध्ययन के उद्देश्यों को ध्यान मे रखकर निष्कर्ष निकाले गये है।

प्रस्तुत शोध हेतु सहसंबंध पियर्सन गुणांक विधि का प्रयोग किया है । संबंध दो चरों के मध्य अंतर देखने हेतु मध्यमान, मानक विचलन सहसंबंध की सार्थकता ज्ञान करने हेतु उपयुक्त सूत्रों का उपयोग किया है।

उद्देश्य 1

जवाहर नवोदय विद्यालय की बालिकाओं के विभिन्न विषयों की उपलब्धि का अध्ययन करना।

तालिका कमांक 4.1

जवाहर नवोदय विद्यालय के बालिकाओं का शैक्षिक उपलब्धि स्तर

स0क0	समूह	संख्या	चर	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन
1	ज0न0वि0	33	शैक्षिक उपलब्धि	68.79	20.807

व्याख्या उपरोक्त तालिका कमांक 4.2 से स्पष्ट है कि चयनित जवाहर नवोदय विद्यालय की बालिकाओं का सामाजिक समायोजन स्तर का मध्यमान 68.79 है व प्रमाणिक विचलन 20.807 है।

उद्देश्य 2

जवाहर नवोदय विद्यालय की बालिकाओं की सामाजिक समायोजन का अध्ययन करना।

तालिका कमांक 4.2

जवाहर नवोदय विद्यालय के बालिकाओं का समायोजन स्तर

स0क0	समूह	संख्या	चर	मध्यमान	प्रमाणिक विचलन
1	ज0न0वि0	33	समायोजन	58.39	10.295

व्याख्या उपरोक्त तालिका कमांक 4.1 से स्पष्ट है कि चयनित जवाहर नवोदय विद्यालय की बालिकाओं का सामाजिक समायोजन स्तर का मध्यमान 58.39 है व प्रमाणिक विचलन 10.295 है।



Histogram
Mean =58.39
Std. Dev. =10.295
N =33
Frequency
0
2
4
6
30
40
50
60
70
80
ADJUSTMENT OF THE STUDENT

उद्देश्य 3

जवाहर नवोदय विद्यालय की बालिकाओं की विषयवार उपलब्धि का सामाजिक समायोजन के साथ सहसंबंध का अध्ययन करना।

परिकल्पना

कक्षा 6वी की बालीकाओं के सामााजिक समायोजन एवं शैक्षिक उपलब्धि के मध्य कोई साथकि संबंध नहीं है।

तालिका कमांक 4.3

बालिकाओं का सामाजिक समायोजन तथा शैक्षिक उपलब्धि में सह संबंध का स्तर

स0क0	समूह	संख्या	सह संबंध
1	सामाजिक समायोजन	33	.087
2	शैक्षिक उपलब्धि	33	

<u>व्याख्या</u> उपरोक्त तालिका कमांक 4.3 से स्पष्ट है कि चयनित जवाहर नवोदय विद्यालय की बालिकाओं के सामाजिक समायोजन और शैक्षिक उपलब्धि में सह संबंध .087 है । जो कि 0.05 पर सार्थक नहीं है । अतः परिकल्पना स्वीकार की जाती है । अतः बालिकाओं के सामाजिक समायोजन और शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक सह संबंध है ।

निष्कर्ष

- बालिकाओं के सामाजिक समायोजन और शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक सह संबंध नहीं पाया गया ।
- अतः बालिकाओं का सामाजिक समायोजन तथा शैक्षिक उपलब्धि के स्तर में परिवर्तन होने से वे परस्पर प्रभावित नहीं होंगे ।